<u>अनौपचारिक पत्र</u>

विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्र को उसकी मंगलमय यात्रा की कामना के लिए पत्र लिखिए

12 नेहरू नगर,
कोलकाता

प्रिय मित्र अमित
सस्नेह नमस्ते

तुम्हारा पत्र अभी अभी प्राप्त हुआ। यह जानकर खुशी हुई कि तुम 15 मार्च को अमेरिका जा रहे हो। विदेश जाने का सपना तुम बचपन से ही देखा करते थे। सपना तुम्हारा साकार होने जा रहा है। तुम्हारी इस अमेरिका यात्रा में मेरी अनेकों शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं। ईश्वर करे तुम्हारी यात्रा सफल हो। वहाँ जाकर मुझे पत्र लिखते रहना और अपने अमेरिका में निवास के अनुभवों से परिचित कराते रहना।

मेरे मित्र अमित, इस बात का ध्यान रखना कि तुम भारतीय हो, अपनी सभ्यता और संस्कृति को मत भूलना। विदेशी प्रभाव तुम्हारे व्यवहार और स्वभाव को प्रभावित ना करें। तुम जैसे हो वैसे के वैसे ही लौट कर भारत वापस आना। मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

तुम्हारा मित्र
सुरेंद्र